पत्रांक 15 / एम 1–108 / 2020

शिक्षा विभाग, बिहार

प्रेषक,

रेखा कुमारी,
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

पटना, दिनांक 2021

विषयः– श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार के पत्र का अग्रसारण।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार के द्वारा विभाग में ललित नारायण जनता कॉलेज, झंझारपुर में बहुद्वेशीय भवन सहित अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण एवं व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू कराने हेतु पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है। श्री मिश्रा का पत्र अग्रेतर कार्रवाई हेतु संलग्न है। पत्र में वर्णित तथ्यों के आलोक में नियमानुकूल अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
(रेखा कुमारी)
निदेशक, उच्च शिक्षा

ज्ञापांक 15 / एम 1–108 / 2020 - 857. पटना, दिनांक 25.03 2021

प्रतिलिपि :– श्री नीतीश मिश्रा, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, 112 कौटिल्य नगर, पटना–14 को सूचनार्थ प्रेषित।

25.03.21

(रेखा कुमारी)
निदेशक, उच्च शिक्षा

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 16/2021
Dt- 11-01-2021

12.01.2021

प्रधान सचिव,
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **ललित नारायण जनता कॉलेज झंझारपुर में बहुद्देशीय भवन सहित अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण एवं व्यावसायिक शिक्षा पाठयक्रम शुरू कराने के संबंध में।**

महाशय,

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के अंतर्गत ललित नारायण जनता कॉलेज झंझारपुर, (मधुबनी) झंझारपुर एवं फुलपरास अनुमंडल में एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय है। झंझारपुर एक पुराने अनुमंडल के साथ–साथ नगर पंचायत सहित बड़ा शहर है। इस महाविद्यालय में इंटरमीडियट एवं स्नातक स्तर पर यथा कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में हजारों छात्र–छात्रायें अध्ययन कार्य करते है। भविष्य में व्यावसायिक शिक्षा एवं कम्प्यूटर विज्ञान आदि की पढ़ाई शुरू की जा सकती है। कॉलेज का पुराना भवन जर्जर स्थिति में है। नये भवन का निर्माण नहीं होने से कक्ष की कमी के कारण पढ़ाई भी बाधित होती है, साथ ही परीक्षा के समय अध्यापन कार्य बंद करना पड़ता है।

महाविद्यालय परिसर में जगह की कोई कमी नहीं है, जहाँ नये भवन निर्माण के साथ अन्य आधारभूत संरचनायें यथा पुस्तकालय, छात्रावास, खेल परिसर, सेमिनार हॉल आदि का निर्माण किया जा सकता है। जनहित में शैक्षणिक स्तर के उन्नयन हेतु बहुद्देशीय भवन का निर्माण एक महत्वपुर्ण कड़ी का काम कर सकता है।

अतएव अनुरोध है कि ललित नारायण जनता कॉलेज, झंझारपुर में बहुद्देशीय भवन निर्माण सहित अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण एवं व्यावसायिक शिक्षा पाठयक्रम शुरू कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in